संचिका संख्या–11/महा0–क्यू0–01/2012 674 (12)

निदेशालय स्वास्थ्य सेवाएं,
बिहार, पटना

प्रेषक,

डा0 सुरेन्द्र प्रसाद,
निदेशक प्रमुख,
स्वास्थ्य सेवाएं, बिहार, पटना ।

सेवा में,

सभी सिविल सर्जन/
सभी अधीक्षक,
मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ।

/पटना, दिनांकः– 06/08/012

विषयः–श्री नीरज कुमार, माननीय स0वि0प0 द्वारा बिहार विधान परिषद के 171वें सत्र में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं0 एच0ई0–8 का उत्तर सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में

महोदय,

उपर्युक्त विषयक की टंकित प्रति संलग्न करते हुए कहना है कि विहार विधान परिषद के 171वें सत्र में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं0 एच0ई0–8 की कंडिवार उत्तर सामग्री विशेषदूत/फैक्स के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को शीघ्रताशीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय ।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय ।

विश्वासभाजन

6/6/12

निदेशक प्रमुख,
स्वास्थ्य सेवाएं, बिहार, पटना

श्री नीरज कुमार, माननीय स0वि0प0 द्वारा बिहार विधान परिषद के 171वें सत्र में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं0 एच0ई0–8

क्या मंत्री स्वास्थ्य विभाग यह बतलाने की कृपा करेगें किः–

(क) क्या यह सही है कि थैलेसिमिया आनुवंशक रोग है ;
(ख) क्या यह सही है कि राज्य सरकार ने इस रोग से पीड़ित व्यक्तियों का सर्वेक्षण कराया है ;
(ग) क्या यह सही है कि इस रोग से पीड़ित व्यक्तियों के उपचार हेतु कार्य योजना बनायी है ;
(घ) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार इस कार्य योजना से संदर्भ को अवगत कराना चाहती है ?